हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी का किया खुलासा



07 जल विहार महोत्सव की तैयारियों का सदर...



इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए प्रशासन आवश्यक कदम उठाए

घटना नलखेड़ा नगर व जनप्रतिनिधियों के लिए कलंक है : विधायक परिहार





श्रद्धांजलि सभा में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ आए उड़ीसा के श्रद्धालुओं की हृदय विदारक घटना में हुई मौत नलखेड़ा नगर तथा जनप्रतिनिधियों के लिए कलंक की बात है। हम सभी की कमजोरी तथा मंदिर में व्याप्त अवस्थाओं के चलते दो परिवारों में मातम पसरा हुआ है। ऐसी घटना को लेकर हम अपनी कमजोरी छिपा रहे हैं, लेकिन इसके लिए हम सभी दोषी हैं। प्रशासन की लापरवाही के चलते बड़ा दुखद हादसा हुआ है। नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि में मंदिर आए उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर के दर्शनार्थियों की एक कार मंदिर के बाहर स्थित उफनते नाले में बह जाने तथा उस हादसे में मृत आठ लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मां बगलामुखी परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए यह बात सुसनेर क्षेत्र के कांग्रेस विधायक भेरूसिंह परिहार बापू ने कही।

श्रद्धांजलि सभा में विधायक परिहार ने मृतकों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि परमपिता परमेश्वर तथा माता बगलामुखी शोक संतप्त दोनों परिवार को इस असहनीय पीड़ा एवं दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए शासन प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा बगलामुखी मंदिर में व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो जनता का सहयोग लेकर हमें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। श्रद्धांजलि सभा को कांग्रेस नेता कुशल मुणोत, कांता प्रसाद शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम भालोट, जैन समाज के जयंत धूपिया आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन की लापरवाही के चलते माता मंदिर पर इस प्रकार का हृदय विदारक हादसा हुआ है। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय व क्षेत्रवासियों व अन्य भक्तों द्वारा मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भी अपनी नाराजगी जाहिर की तथा सभी ने एक स्वर में बगलामुखी मार्ग स्थित नाले की ऊंचाई को बढ़ाये जाने की बात भी कहीं ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना घटित न हो। श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित जनों द्वारा घटना में मृत आत्माओं के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि कर सभी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

मृतकों को दी श्रद्धांजलि



नलखेड़ा। शुक्रवार की रात्रि को मां बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं के दुखद निधन पर स्थानीय कृषि उपज मंडी में श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार रात्रि हुए हादसे में मृत व्यक्तियों की दिवंगत आत्माओं की शांति एवं उन्हें प्रभु श्री चरणों में स्थान प्राप्त हो इस हेतु रविवार को सुबह 11:30 बजे कृषि उपज मंडी समिति नलखेड़ा में 2 मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी समिति नलखेड़ा के समस्त व्यापारी बंधु, हमाल बंधु, तुलावटी बंधु, किसान बंधु एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आदेश जारी : मां बगलामुखी मंदिर में रात 8 बजे बाद हवन-यज्ञ पर रोक

नलखेड़ा। मां बगलामुखी मंदिर के समीप हुए दर्दनाक हादसे के बाद मंदिर में दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा मंदिर की धार्मिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा आदेश जारी किया गया है। तहसीलदार एवं सचिव मां बगलामुखी प्रबंध समिति नलखेड़ा द्वारा 20 सितंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि मंदिर परिसर एवं मंदिर परिसर के बाहर निर्धारित हवन स्लॉट के समय के अनुसार रात्रि 8 बजे के बाद किसी भी प्रकार का हवन, यज्ञ अथवा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न नहीं किया जाएगा। आदेश में सभी संबंधित पंडितगण, यज्ञशाला संचालक एवं श्रद्धालुओं को निर्धारित समय-सीमा का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय के बाद हवन अथवा अन्य धार्मिक अनुष्ठान करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मंदिर प्रबंधन समिति ने सभी संबंधितों से निर्धारित समय एवं व्यवस्थाओं का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विद्युत रोशनी से जगमगा रहे गणेश पंडाल

बच्चियों ने राधा रानी की वेशभूषा में की भगवान गणेश की आरती







कानड़। गणेशोत्सव के चलते इन दिनों पूरा नगर एवं आसपास का ग्रामीण क्षेत्र भगवान गणेश की भक्ति में लीन नजर आ रहा है। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान, भक्ति और श्रद्धा के साथ विराजित की गई हैं। सुबह-शाम पूजा-अर्चना एवं आरती के दौरान गणेश पंडालों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं विभिन्न समितियों द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला भी जारी है। गणेशोत्सव के दौरान राधाष्टमी के अवसर पर माता जी चौराहा स्थित गणेश प्रतिमा के समक्ष नन्ही-नन्ही बच्चियों ने राधा रानी की वेशभूषा में सजकर भगवान गणेश की आरती की। इस दौरान बच्चियों का मनमोहक रूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।वहीं गणेश उत्सव के अवसर पर मां चामुंडा मित्र मंडल द्वारा गोंदी चौराहा पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित की गई है। इसी प्रकार लव-कुश मित्र मंडल द्वारा माता जी चौराहा पर आकर्षक गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां कानड़ के राजा के तत्वावधान में महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के दौरान दीपों की कतारों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी से ऐसा भव्य दृश्य बना, जो गंगा आरती की याद दिला रहा था।

बरसते पानी में भी जारी रही आरती

महाआरती अपने समापन की ओर थी, तभी तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डगमगाई। बरसते पानी में भी श्रद्धालु भगवान गणेश की आरती में शामिल रहे और दर्शन के लिए पंडाल के सामने डटे रहे। आरती पूर्ण होने के बाद समिति के सदस्यों द्वारा बारिश के बीच ही श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

रंग-बिरंगी रोशनी से सजे गणेश पंडाल

गणेशोत्सव के चलते नगर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए गणेश पंडाल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी, फूलों एवं आकर्षक सजावट से सजे पंडाल शाम होते ही जगमगा उठते हैं। नगर में लव-कुश मित्र मंडल का कानड़ के राजा, गोंदी चौराहा स्थित मां चामुंडा मित्र मंडल, मां बगलामुखी मित्र मंडल, ठाकुर मोहल्ला के राजा तथा लव ग्रुप सती कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं विराजित की गई हैं।गणेशोत्सव को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं, युवा और बच्चे भी धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। शाम के समय गणेश पंडालों में होने वाली आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान गजानन का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।



खबर संक्षेप

महाआरती में लड्डूओं का हो रहा वितरण



चापडा। नगर के नेमावर रोड स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर गणेश उत्सव पर्व के दौरान प्रतिदिन शाम को गणेश जी की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग यजमानों द्वारा गणेश जी की आरती और लड्डू की प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। लगभग 30 से 40 किलो लड्डू की प्रसादी प्रतिदिन आरती के दौरान वितरण की जा रही है। साथ ही हाटपीपल्या मार्ग पर श्री जय महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा भी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर गणेश उत्सव पर्व मनाया जा रहा है। जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इंदौर रोड पर साईं मंदिर के पास गणेशजी पंडाल में बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। नगर के मुख्य गणेशजी के मंदिर पर आरती के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होते हैं। पप्पी जायसवाल, राजेश सिंह राजपूत, रघुसिंह सेंधव, डॉ.पिंटू फुलवार , सालिगराम पाटीदार,शिव शंकर पाटीदार द्वारा गणेश जी की आरती की गई। मन्नत पुरी होने पर संतोष राठौर ने दो बालकों का तुला दान किया।

सोनकच्छ-गंधर्वपुरी मार्ग पर गड्ढों की भरमार, दुधलाई में भी सड़क बदहाल

गंधर्वपुरी बस स्टैंड के बाद बड़े गड्ढों से हादसों का खतरा, झाड़ियों से मार्ग की चौड़ाई प्रभावित

रोजाना बड़ी संख्या में गुजरते हैं दोपहिया, चारपहिया वाहन, बारिश से सड़क पर बने गड्ढों से दुर्घटना का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

सोनकच्छ से बैराखेड़ी फाटे तक एमपीआरडीसी के अधीन सड़क इन दिनों जगह-जगह गड्ढों के कारण बदहाल नजर आ रही है। बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को इनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और यात्री वाहन गुजरते हैं, ऐसे में सड़क की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता है।



दुधलाई के पास भी सड़क की हालत खराब

सोनकच्छ-गंधर्वपुरी मार्ग पर ग्राम दुधलाई के समीप भी कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के कारण इनमें पानी जमा होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढों से बचने के लिए दिशा बदलते हैं, जिससे सामने और पीछे से आने वाले वाहनों से टकराव की स्थिति बन सकती है। इसी के साथ सड़क की पटरियों के दोनों ओर झाड़ियां उग आई हैं। झाड़ियों के कारण सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम हो रही है और सामने से आने वाले वाहनों को देखने में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों एवं राहगीरों ने सड़क किनारे उगी झाड़ियों की नियमित कटाई और सफाई कराने की मांग की है।

बस स्टैंड के पास लंबे समय से परेशानी

गंधर्वपुरी बस स्टैंड के समीप सड़क के बीच बना गड्ढा भी लंबे समय से वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर इसे ठीक कराने के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा निर्देश दिए जाने की बात सामने आई थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक अपेक्षित सुधार नहीं होने की शिकायत है। बस स्टैंड क्षेत्र में दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है, ऐसे में सड़क के बीच बने गड्ढे से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

जल्द मरम्मत का दिया भरोसा

सड़क की बदहाल स्थिति और गड्ढों की समस्या को लेकर एमपीआरडीसी के प्रबंधक विजय सिंह को अवगत कराया गया। उन्होंने जल्द ही सड़क के गड्ढे भरवाने की बात कही है। स्थानीय लोगों को अब विभाग द्वारा मरम्मत कार्य शुरू किए जाने का इंतजार है। लोगों का कहना है कि सड़क की समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है। केवल गड्ढे भरने के साथ सड़क की पटरियों पर उगी झाड़ियों की कटाई और सफाई भी कराई जानी चाहिए। इससे सड़क की चौड़ाई और दृश्यता बेहतर होगी तथा वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन में सुविधा मिलेगी।

पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी का किया खुलासा

दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

थाना सोनकच्छ पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम तहत गायत्री मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी मंदिर से घंटी और गरुड़ घंटा चोरी करने वाला है, जबकि दूसरे पर चोरी का सामान खरीदने का आरोप है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उप जेल सोनकच्छ भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार प्रगति नगर सोनकच्छ निवासी रमेशचंद्र मेहता ने 19 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर की रात 8 बजे से 17 सितंबर सुबह 5 बजे के बीच रेस्ट हाउस के पास स्थित गायत्री मंदिर से अज्ञात व्यक्ति मंदिर की घंटी और गरुड़ घंटा चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 6 हजार रुपए बताई गई। मामले में थाना सोनकच्छ पर अपराध क्रमांक 535/2026 के तहत बीएनएस की धारा 305, 331(4) में प्रकरण दर्ज किया गया। एसडीओपी सोनकच्छ श्यामचंद्र शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट टीम गठित कर जांच शुरू की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर राजेश उर्फ दीपक पिता गिरधारी (56), निवासी भामी मोहल्ला सोनकच्छ को पकड़ा गया। पूछताछ में राजेश ने बताया कि चोरी की सामग्री उसने ओमप्रकाश पिता कासीराम सरगरा (50), निवासी सावेर को बेच दी थी। इसके बाद पुलिस ने ओमप्रकाश को भी गिरफ्तार किया।

सदानंद यादव के अखिल भारतीय महामंत्री बनने पर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय करेंसी एवं कॉइन कर्मचारी महासंघ का 9वां त्रैवार्षिक अधिवेशन हाल ही में नर्मदापुरम में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बैंक नोट प्रेस कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सदानंद यादव को भारतीय करेंसी एवं कॉइन कर्मचारी महासंघ का अखिल भारतीय महामंत्री चुना गया। उनकी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर देवास में मजदूर कार्यालय पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मप्र कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, भामसं जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ भोपाल के प्रदेश महामंत्री माखन सिंह धाकड़ एवं श्रीराम कुमावत ने सदानंद यादव का मां चामुंडा की चुनरी पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भामसं जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़ ने कहा कि देश की 10 इकाइयों में करेंसी, कॉइन, पेपर एवं नोटों की छपाई से संबंधित कार्य किए जाते हैं। इन इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब सदानंद यादव को मिली है।

राम भक्त परिवार द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



देवास। जनसेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित श्री राम भक्त परिवार द्वारा डॉ. आकाश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में, लोटस हॉस्पिटल, इंदौर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। लोटस हॉस्पिटल, इंदौर की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम द्वारा नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. आकाश प्रताप सिंह ने चिकित्सा टीम एवं आमजन के बीच समन्वय स्थापित करते हुए शिविर की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आकाश प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर श्री राम भक्त परिवार के संस्थापक इंजी. यतिश श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष तुषार तिवारी सहित संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर में देवास विधायक गायत्री राजे पवार भी पहुंचीं। उन्होंने शिविर का अवलोकन कर आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं, डॉ. आकाश प्रताप सिंह एवं चिकित्सकीय टीम से मुलाकात की तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

टावर पर चढ़ी युवती, प्रशासन ने समझाइश देकर सुरक्षित नीचे उतारा, उपचार के लिए विधायक ने भेजा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

प्रेमी के साथ रहने की मांग को लेकर रविवार को एक युवती बागली नगर स्थित बीएसएनएल टावर पर चढ़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और युवती को नीचे उतारने के लिए समझाइश शुरू की। काफी देर तक चले प्रयास के बाद युवती के प्रेमी के मौके पर पहुंचने और उसे साथ रखने का भरोसा देने पर वह सुरक्षित टावर से नीचे उतर आई।

जानकारी अनुसार युवती अपने प्रेमी से मिलने बागली पहुंची थी। दोनों के पूर्व में कोर्ट मैरिज किए जाने की बात सामने आई है। युवती ने टावर पर चढ़ने के बाद ऊपर से एक पत्र नीचे फेंका, जिसमें उसने प्रेमी के प्रति अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए उसके बुलाने पर ही नीचे आने की बात लिखी थी। प्रशासन की सूचना पर युवती का प्रेमी बागली पहुंचा। उसने माइक के माध्यम से युवती से बात करते हुए उसे अपने साथ रखने का भरोसा दिया और नीचे आने के लिए कहा। प्रेमी की बात सुनने के बाद युवती टावर से नीचे उतर आई। मौके पर मौजूद लोगों और प्रशासनिक अमले ने राहत की सांस ली। युवती के सुरक्षित नीचे उतरने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस के माध्यम से उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। बागली थाना प्रभारी जीवन सिंह भिंडोरे सहित पुलिस बल ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए स्थिति पर नजर बनाए रखी। विधायक मुरली भंवरा की उपस्थिति में युवती के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अस्पताल भेजे जाने की जानकारी भी सामने आई।



सोशल मीडिया पर फोटो डालने को लेकर चाकूबाजी

देवास। जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र के पोलाखाल के अंजनपुरा गांव में शनिवार देर रात एक विवाद में चाकूबाजी हुई। सोशल मीडिया पर लड़की का फोटो डालने को लेकर हुए इस विवाद में तीन युवकों ने दो दोस्तों पर हमला कर दिया। इस हमले में 18 साल के अजय चौहान की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त कान्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। कान्हा पिपरी का रहने वाला है और उसका इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, तीन आरोपियों ने एक लड़की का फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिया था। इसी बात को लेकर अजय, कान्हा और उनके परिवार के लोग आरोपियों को समझाने पहुंचे थे। इसी दौरान सरकारी स्कूल के पास विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपियों ने अजय और कान्हा पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

एक दिवसीय उपवास कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर रविवार को संयुक्त मोर्चा देवास द्वारा देवास वाटिका में एक दिवसीय उपवास रखा गया। उपवास के बाद शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार हरिओम ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग की। जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि वर्तमान में सेवारत शिक्षकों को ज्म्ज् परीक्षा से मुक्त रखने, अध्यापक-शिक्षक संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण का लाभ देने की मांग की गई है। इसके अलावा एम-शिक्षा मित्र की ऑनलाइन अटेंडेंस बंद करने तथा सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का लंबित वेतन भुगतान करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।इस दौरान धर्मवीर सिंह नरवरिया, शेख साबिर, अजय सिंह गौड़, दिनेश चौधरी, अरुण मिश्रा सहित विभिन्न शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



समीपस्थ ग्राम बेरागढा में 11 लाख 50 हजार से निर्मित होने वाले सीसी सड़क निर्माण कार्य का गेती चलाकर क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा द्वारा भूमिपूजन किया गया। वही दुसरी और विधायक ने नवनिर्मित सडक का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक भंवरा ने कहा की ग्रामीणों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सीसी सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी गई। नवीन सड़क निर्माण कार्य से ग्राम वासीयो को आवागमन मे सुविधा होगी साथ ही उनके जीवन स्तर मे सुधार होगा। विधायक ने ग्राम बेरागढा मे सामुदायिक भवन के लिए 24 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान रेवाराम सारण, प्रदीप डाबी, रणछोड़ किराडे, रघुनाथ नायक, बलदाऊ दुबे,रामनारायण उईके , इमरत पटेल, भाई खां, मोहन यादव, पवन यादव सहित बडी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन उपसरपंच पवन यादव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र यादव ने किया।

बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में सेन थॉम एकेडमी ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सहोदया अंतरविद्यालयीन बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में सेन थॉम एकेडमी देवास की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। नारायणा ई-टेक्नो स्कूल देवास में आयोजित प्रतियोगिता के कक्षा 9वीं से 12वीं बालिका वर्ग में कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया।सेन थॉम एकेडमी की टीम ने प्रतियोगिता के दौरान तीन मुकाबले खेले और तीनों में जीत दर्ज की। विजेता टीम में कप्तान श्रृष्टि सोलंकी के साथ आरोही गोयल, वंशिका यादव, अहाना शुक्ला, सेजल चौधरी, अन्वेषा मोदी, श्रुवी मोदी एवं कनिष्का गिरी शामिल रहीं।विद्यालय प्रबंधन ने विजेता खिलाड़ियों एवं टीम के कोच आदित्य यादव को बधाई देते हुए उनके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण की सराहना की। प्रबंधन ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं। टीम की सफलता पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा।

हिन्दी दिवस पर प्रतियोगिताएं संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



पंडित श्री वल्लभ शास्त्री स्मृति संस्थान द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में 20 सितंबर को उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनकच्छ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें श्रुतिलेख, सामान्य ज्ञान, निबंध एवं कविता पाठ प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. धर्मेन्द्र कुमार नागर, सोभाग सिंह ठाकुर एवं लक्ष्मीनारायण जाट उपस्थित रहे। अतिथियों का शब्दों से स्वागत जनार्दन सिंह सिकरवार ने किया। आयोजन में सोनकच्छ क्षेत्र के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 175 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में नयना पाठक एवं अमृता अकोतिया ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव अशोक दुबे ने किया। आभार प्रदर्शन संस्थान अध्यक्ष राधेश्याम जोशी ने किया।

39वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ

रोमांचक मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सतपुड़ा एकेडमी में 20 से 21 सितंबर तक आयोजित 39वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप-2026 का रविवार को गरिमामय समारोह के साथ शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है।

शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष रायसिंह सेंधव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब देवास अध्यक्ष सुधीर पंडित ने की। जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी सेना गडरिया सहित राधेश्याम सोलंकी, जिला फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज राजानी विशेष रूप से मौजूद रहे।प्रतियोगिता के दौरान विधायक गायत्री राजे पवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक पवार ने खिलाड़ियों से चर्चा कर खेलों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में प्रगति एथलेटिक क्लब का विशेष सहयोग मिल रहा है। जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के भोजन एवं आवास की व्यवस्था की है। परिणय वाटिका संचालक एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष सुधीर पंडित ने ठहरने की व्यवस्था तथा मनीष जैन ने भोजन व्यवस्था में सहयोग किया।

प्रतियोगिता के शुरुआती मुकाबलों में इंदौर-बैतूल, देवास-ग्वालियर तथा बालिका वर्ग में उज्जैन-भोपाल और देवास-बैतूल के बीच मुकाबले हुए। इनमें देवास, इंदौर और भोपाल की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। कार्यक्रम का संचालन पंकज वर्मा ने किया तथा आभार सचिव राजीव श्रीवास्तव ने माना।

जनशिक्षा केंद्र पर शैक्षिक संवाद आयोजित, प्राचार्य ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP-2020 अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जनशिक्षा केंद्र स्तर पर शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। चापड़ा जनशिक्षा केंद्र पर आयोजित संवाद में केंद्र अंतर्गत 19 विद्यालयों से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। संवाद के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) प्राचार्य अक्षय सिंह राठौड़ ने औचक निरीक्षण कर संवाद की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं से सीधे संवाद करते हुए शैक्षिक संवाद के उद्देश्यों, विद्यालयीन शिक्षण प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के संबंध में चर्चा की। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षिक संवाद के संचालन एवं सहभागिता की प्रशंसा व्यक्त करते हुए इसे प्रभावी एवं उद्देश्यपरक बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में आशीष सिसोदिया, काशीराम भौंदिया एवं रमेश चंद्र सोलंकी सहित जनशिक्षा केंद्र चापड़ा अंतर्गत 19 विद्यालयों से सम्मिलित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

जल विहार मार्ग, सुम्मेरा तालाब व विमान मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

जल विहार महोत्सव की तैयारियों का सदर विधायक और नपाध्यक्ष ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक जल विहार महोत्सव को भव्य, व्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने नगर पालिका टीम के साथ जल विहार मार्ग, सुम्मेरा तालाब एवं अन्य प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की स्थिति, सौंदर्यीकरण और आयोजन से जुड़ी अन्य तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने जल विहार मार्ग एवं सुम्मेरा तालाब क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की स्थिति तथा सौंदर्यीकरण सहित आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महोत्सव से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नपाध्यक्ष ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है और जल विहार महोत्सव के दौरान भी इसी भावना के साथ सभी कार्य किए जाने चाहिए।

पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जल विहार महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि ललितपुर की वर्षों पुरानी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का गौरवशाली हिस्सा है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन शामिल होते हैं। ऐसे में नगर पालिका की जिम्मेदारी है कि उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल विहार महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुम्मेरा तालाब की व्यवस्थाओं, स्वच्छता एवं आयोजन से जुड़ी अन्य आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूरा कराया जाएगा। जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, वहां तत्काल आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील की कि जल विहार महोत्सव ललितपुर की साझा विरासत है। इसे स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में सभी नगरवासी सहयोग करें तथा महोत्सव के दौरान स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जल विहार महोत्सव की समृद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का गौरवशाली प्रतीक है। महोत्सव में दूर-दराज से श्रद्धालु एवं आमजन पहुंचते हैं। इसलिए आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना चाहिए। विधायक ने विशेष रूप से विमान मार्ग का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल विहार महोत्सव के दृष्टिगत सभी प्रमुख मार्गों एवं आयोजन से जुड़े स्थलों पर व्यवस्थाएं बेहतर रहनी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मार्गों की स्थिति, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सहित आवश्यक सुधार कार्यों को समय रहते पूरा कराने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि ललितपुर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में जल विहार महोत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा जो भी व्यवस्थाएं शेष हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, विवेक जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ लिपिक दीपेंद्र कुमार, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, बद्री कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की

भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 13 दिवसीय 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार बन्धुओं से बात करते हुए जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प, समर्पण एवं सेवा को समर्पित सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष गौरवपूर्ण ढंग से पूरे हो चुके हैं। इस ऐतिहासिक अवसर के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ललितपुर जिले में 'सेवा संकल्प अभियानः जन सेवा ही प्रभु सेवा' के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह महा-अभियान आगामी 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने तक चलेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश चंद्र रावत ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन राष्ट्र सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए इस एक महीने के दौरान ललितपुर जिला स्तर पर कुल 13 प्रमुख कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, आशीर्वाद का दियाः बड़ों और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने हेतु विशेष कार्यक्र हैं मेरे सपनों का भारतः युवाओं और प्रबुद्धजनों के साथ नए भारत के विज़न पर चर्चा।नमो सेवा अनकही कहानियाँः मोदी के सेवा जीवन से जुड़े अनछुए पहलुओं को साझा करना। आंगन मिलन सेवाः आंगनबाड़ियों और स्थानीय समुदायों के बीच जाकर सेवा कार्य। सेवा की कहानियांः प्रेरणादायी सेवा कार्यों का संकलन और प्रसार। 25 साल 25 कहानीः मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की 25 प्रेरक गाथाएँ।सेवा ज्योति कलश यात्राः जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा की अलख जगाने वाली यात्रा।विकसित भारत का संकल्पः आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए जन-शपथ। बड़नगर वाराणसी सेवा यात्राः प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र और उनके मूल संस्कारों से जुड़ी सेवा यात्रा। इसके अलावा भी कार्यक्रम होंगे।

24 को नगर के वार्डों व सार्वजनिक स्थलों पर होगा हरिशंकरी पौधरोपण



ललितपुर। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी 24 सितंबर को नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक परिसरों में वृहद हरिशंकरी पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों एवं पौधरोपण स्थलों के चयन को लेकर शनिवार को सुपर मार्केट स्थित नगर पालिका के कंट्रोल कमांड सेंटर में बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं नपाध्यक्ष सोनाली जैन सहित जनप्रतिनिधियों और सभासदों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थलों के चयन, पौधों की देखभाल एवं संरक्षण की व्यवस्था पर चर्चा की गई। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने कहा कि अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से जनअभियान का रूप दिया जाए। उन्होंने पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी तय करने पर जोर दिया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में हरियाली बढ़ाने के लिए धार्मिक स्थलों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। सदर विधायक ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने पौधरोपण स्थलों के चिह्नीकरण और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारी, सभासदगण एवं संबंधित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हरिशंकरी में बरगद, पीपल और पाकड़ के पौधों का एक साथ रोपण किया जाता है, जो पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जाती है।

तुवन ग्राउंड से निकालेंगे शोभायात्रा, सदर कांटे पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

पटेल समाज की बैठक में सरदार पटेल जयंती की तैयारियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को भव्य एवं उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पटेल समाज की स्वजातीय बैठक शहर कोतवाली के सामने स्थित रैन बसेरा में आयोजित की गई। बैठक में जयंती समारोह की रूपरेखा, शोभायात्रा की तैयारियों और समाज के संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से सेठ सुजान पटेल पडोरिया को पटेल समाज का जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इसके बाद आगामी 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई। समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान पटेल समाज जिलाध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा गया। महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने जिलाध्यक्ष पद के लिए सेठ सुजान पटेल पडोरिया के नाम का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पर उपस्थित समाज के लोगों ने हाथ उठाकर एक स्वर में सहमति जताई। इसके बाद सर्वसम्मति से सेठ सुजान पटेल पडोरिया को जिलाध्यक्ष चुने जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में सरदार पटेल जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा का रूट भी निर्धारित किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार शोभायात्रा तुवन ग्राउंड से प्रारंभ होकर तालाबपुरा होते हुए सावरकर चौक पहुंचेगी। इसके बाद शोभायात्रा सदर कांटे पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तक जाएगी, जहां माल्यार्पण किया जाएगा। माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरांत शोभायात्रा वापस तुवन ग्राउंड पहुंचेगी। यहां गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। बैठक में समाज के लोगों से जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, आल्हाप्रसाद निरंजन, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, हरिओम निरंजन, रामसेवक निरंजन, ऊदल पटेल, राजेंद्र पटेल, वृंदावन पटेल, महेंद्र पटेल, ज्वाला पटेल, संतोष पटेल, नीलेश प्यासा, संजय कुर्मी, राहुल पटेल, राजेश पटेल, माखन निरंजन, धनीराम पटेल, गजेंद्र पटेल, शैलेश सदर, हरिशंकर पटेल, जितेंद्र पटेल, जाहर पटेल, शिवम पटेल, प्रिंस पटेल, यश पटेल, अमित पटेल, विवेक पटेल, शंकर पटेल, कल्यान पटेल आदि मौजूद रहे।

सत्य पर सारे तप निर्भर जिससे पवित्र होती वाणी-विशद सागर

अभिषेक पूजन विधान कर पुण्यार्जकन कर रहे श्रावक, प्रतिभास्थली में बालिकाओं की धर्मसाधना

ललितपुर। नम्रता और प्रिय वचन मनुष्य के आभूषण हैं जिनके हृदय में सत्य का वास है उसके हृदय में परमात्मा का वास रहता है । सत्य को सहन करना वहुत कठिन है सत्य को समझने की जरूरत है दुनिया असत्य के पीछे जा रही है। सत्य की उपासना कर असत्य को त्यागना ही सत्य बताते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशद सागर महाराज ने कहा मन में निश्चलता पविता सदभावना हृदय में होनी चाहिए। उन्होने कहा सत्य वचन का पालन हर एक स्थिति में करना चाहिए सत्य का पालन जिन्होने किया यह इस संसार से मुक्त हो गए। उन्होंने कहा कि जहां बोलने से धर्म की रक्षा होती हो प्राणियों का उपकार होता हो वहां विना पूछे ही चोलना और जहां आपका व अन्य का हित नहीं हो वहां मौन ही रहना उचित कहा है। नीतिकारों ने सत्य को गले का आभूषण बताया सत्य से वाणी पवित्र होती है। सत्य पर सारे तप निर्भर हैं जिन्होने सत्य का पालन किया वह इस संसार से पार हो गए सत्य ही संसार में श्रेष्ठहै। आचार्य श्रीविद्या सागर महाराज के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके गणमान्य व्यक्तियों द्वारा धर्म सभा का शुभारंभ किया गया, जबकि बालिका परी जैन, अवनी जैन, राखी जैन ने तत्वार्थ सूत्र का पाठ किया। मंदिर प्रबंधक सिंघई मनोज जैन ने धर्म सभा का संचालन किया। दोपहर में मुनि श्री ने तत्वार्थ सूत्र की विस्तृत व्याख्या की और इसको समझाया।

दयोदय पशु संरक्षण केंद्र गोशाला स्थित

मुनिसुव्रतनाथ जैन मंदिर में श्रावक पहुंचकर प्रभु अभिषेक में सम्मलित होकर पुर्याजन कर रहे हैं जिसमें शान्तिधारा ज्ञानचंद संतोष जैन इमलिया, सुनील कामरा, आनंद चौधरी, अरविन्द सिंघई, कल्लू जैन, महावीर कामरा, अनुराग जैन अखिलेश जैन द्वारा की गई। सायंकाल प्रतिभास्थली के बच्चों द्वारा भक्तिपूर्वक आरती का पुर्याजन हो रहा है और रोचकर सांस्कृतिक धार्मिक प्रस्तुति को लेकर बच्चों में उत्साह है। भारत विकास परिषद द्वारा जैन नया मंदिर में मोक्ष का रथ प्रतियोगिता हुई जिसमें डा संजीव कर्डकी, अनुपम जैन, विकास जैन सुनील जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सार्यकाल आरती के उपरान्त शस्त्रसना में विद्वानों द्वारा उत्तम सत्य धर्म पर विचार रखते हुए सत्य को सृष्टि का सार और निर्वल का वल बताया उन्होने कहा जहां करूणा और अहिंसा जुडी हो धर्म जुडा हो वहां बोला गया झूठ भी सत्य होता है किन्तु जहां स्वार्थ जुडा है और जहां प्राणी का घात जुडा होता है वहां पर बोला गया सत्य भी झूठ के बराबर हो जाता है। गौरतलव रहे इन दिनों आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज प्रभावक शिष्य मुनि श्री विशद सागर महराज एवं शिव सागर महाराज के ससंघ चातुर्मास से नगर के जैन मंदिरों में आर्यिका माता जी द्वारा प्रवचनों के माध्यम से दस धर्मों की अपूर्व प्रभावना हो रही है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन

ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियों व संगठन के विस्तार पर किया मंथन



ललितपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वेबसाइट का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह ने किया। वेबसाइट लॉन्च के अवसर पर पत्रकारों की ऑनलाइन सदस्यता, डिजिटल सदस्यता कार्ड जारी करने और संगठन में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम में दैनिक भास्कर के एमडी देवांश अग्रवाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों, पत्रकारों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान जनपद ललितपुर की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में आईटी सेक्टर का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। बदलते समय के साथ कदम मिलाकर चलना पत्रकारिता और पत्रकार संगठनों की आवश्यकता बन गया है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संगठन की वेबसाइट लॉन्च की जा रही है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट के माध्यम से संगठन के सदस्य ऑनलाइन सदस्यता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला एवं प्रदेश स्तर से अनुमोदन के बाद सदस्यता कार्ड भी ऑनलाइन जारी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से संगठन का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर तेजी से करने में भी मदद मिलेगी। एमडी देवांश अग्रवाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सैकड़ों सदस्य जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा अखबार हमेशा से ग्रामीण पत्रकारिता का हिमायती रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की भूमिका और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जनपद ललितपुर की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों ने अपनी-अपनी कार्यकारिणियों के साथ शपथ ग्रहण की। शपथ लेने वालों में जिलाध्यक्ष सम्राट राजा, तहसील अध्यक्ष विवेक जैन, तहसील तालबेहट अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, महरौनी तहसील अध्यक्ष दुष्यंत बड़ौनिया, पाली तहसील अध्यक्ष मनीष तिवारी एड., मड़ावरा तहसील अध्यक्ष विजय सिंह सेंगर शामिल रहे। सभी अध्यक्षों ने अपनी- अपनी कार्यकारिणियों के साथ संगठन के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह की स्वागत यात्रा के साथ हुई। शहर में स्वागत यात्रा निकाली गई, जिसके बाद मुख्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता की चुनौतियों, वर्तमान परिवेश और पत्रकारों की भूमिका को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने जनपद ललितपुर में संगठन की गतिविधियों और कार्यों की सराहना की। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान भी प्रदान किए गए। बेस्ट जर्नलिस्ट 2025 अवार्ड पत्रकार विकास त्रिपाठी को तथा बेस्ट जर्नलिस्ट 2026 अवार्ड रिजवान उज्जमा को प्रदान किया गया।

आनंदपुर मेला में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा : कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ललितपुर रेलवे स्टेशन परिसर में निजी वाहनों एवं टैक्सियों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के विरोध में बुंदेलखंड विकास सेना की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने की। बैठक में रेलवे के इस निर्णय पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इसे यात्रियों एवं आम जनता के लिए परेशानी का कारण बताया गया। बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि वर्तमान समय में ललितपुर के निकट आनंदपुर में वार्षिक मेले का आयोजन चल रहा है, जिसके कारण ललितपुर रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। इनमें बुजुर्ग, दिव्यांग तथा चलने-फिरने में असमर्थ श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई श्रद्धालु व्हीलचेयर के सहारे स्टेशन पहुंचते हैं। ऐसे में स्टेशन परिसर में वाहनों एवं टैक्सियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

- रेलवे स्टेशन पर वाहनों के प्रवेश पर रोक से जनता में रोष

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन यात्रियों की सुविधा का स्थान है और वहां ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों तथा गंभीर रूप से अस्वस्थ यात्रियों को उनके वाहन से स्टेशन के प्रवेश द्वार तक पहुंचने में सुविधा मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि विगत दिवस रेलवे सुरक्षा बल द्वारा टैक्सी चालकों तथा आम जनता के साथ किए गए व्यवहार से लोगों में असंतोष उत्पन्न हुआ है। टीटू कपूर ने कहा कि रेलवे प्रशासन को समस्या का व्यावहारिक समाधान निकालने के लिए स्पष्ट गाइडलाइन तैयार करनी चाहिए। आवश्यकता के अनुसार वाहनों के लिए निर्धारित प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीमित समय की अनुमति तथा बुजुर्ग एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधा जैसी व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से मांग की कि वाहनों के प्रवेश पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदिसमस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया तो बुन्देलखण्ड विकास सेना आंदोलन करने को बाध्य होगी बैठक में कदीर खान, राजकुमार कुशवाहा, फूलचंद रजक , लालचंद , नंदराम कुशवाहा , रामसहाय राठौर , सुरेश झा , प्रदीप साहू , कमल विश्वकर्मा , हरगोविन्द , मंगल सिंह , भय्यन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

कालापहाड़ के पास रास्ते में घेरकर मारपीट का आरोप

ग्रेनाइट प्लांट ऑपरेटर पर लाठी-डंडों से हमले में हाथ टूटा, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के कालापहाड़ के पास ग्रेनाइट प्लांट पर काम करने वाले ऑपरेटर के साथ रास्ते में मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि काम खत्म कर कमरे पर लौट रहे युवक को नामजद आरोपी ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घेर लिया और गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट में युवक के हाथ में गंभीर चोट आई और मेडिकल परीक्षण में हाथ टूटा पाया गया। तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालापहाड़ निवासी भैरू सिंह पुत्र मोती सिंह एक ग्रेनाइट प्लांट में ऑपरेटर के पद पर कार्य करता है। आरोप है कि 17 सितंबर 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपना काम समाप्त करने के बाद वापस कमरे पर लौट रहा था। इसी दौरान आम रास्ते पर ग्राम दैलवारा निवासी अरुण राजा पुत्र बब्लू सिंह अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंच गया। अरुण राजा ने बिना किसी बात के उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी और उसके साथियों ने भैरू सिंह के साथ लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमले में भैरू सिंह के हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद कराए गए मेडिकल परीक्षण में उसके हाथ टूटा गया। मारपीट करने के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

मानव ऑर्गेनाइजेशन की पहल बनी मिसाल

पक्षियों के संरक्षण के लिए पेड़ों पर कृत्रिम बर्ड नेस्ट बॉक्स स्थापित कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

प्रकृति और जैव विविधता संरक्षण की दिशा में जिले की अग्रणी संस्था मानव ऑर्गेनाइजेशन ने एक वैश्विक संदेश दिया है। संगठन के फाउंडर सदस्य निर्विकल्प त्रिपाठी द्वारा स्वीडन के एक शहरी रिहायशी क्षेत्र में पक्षियों के संरक्षण के लिए पेड़ों पर विशेष कृत्रिम बर्ड नेस्ट बॉक्स स्थापित किए जा रहे हैं। इन कृत्रिम आवासों का उद्देश्य शहरों में घटते प्राकृतिक घोंसलों के बीच पक्षियों को सुरक्षित प्रजनन और आश्रय के लिए अनुकूल स्थान उपलब्ध कराना है।

तस्वीर में घनी हरियाली के बीच पेड़ की शाखा पर लगा आकर्षक नेस्ट बॉक्स इस बात का प्रमाण है कि आधुनिक आवासीय इमारतों और सड़कों के बीच भी यदि संवेदनशीलता हो तो प्रकृति के लिए जगह बनाई जा सकती है। जहाँ इंसान अपने लिए आलीशान घर बनाता है, वहीं



निर्विकल्प त्रिपाठी ने बेजुबान पक्षियों के लिए घर बनाने की मानवीय संवेदना दिखाई है। यह केवल एक संरक्षण प्रयास नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ विकास की अवधारणा का जीवंत उदाहरण है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण पुराने खोखले पेड़, झाडग़ाँ और प्राकृतिक घोंसले के स्थान लगातार कम हो रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसी स्थिति में कृत्रिम नेस्ट बॉक्स कई देशी-विदेशी पक्षी प्रजातियों के अस्तित्व को बचाने में अत्यंत कारगर साबित होते हैं। मानव ऑर्गेनाइजेशन की यह पहल यह स्थापित करती है कि पर्यावरण संरक्षण केवल जंगलों तक सीमित नहीं है। हम अपने घर के आसपास, अपनी सोसाइटी और रिहायशी इलाकों में भी जैव विविधता को सहेज सकते हैं। पेड़ों पर लगे ये छोटे-छोटे आशियाने राहगीरों, बच्चों और युवाओं के लिए पर्यावरण संरक्षण का प्रत्यक्ष पाठशाला भी हैं। ये उन्हें पक्षियों, पेड़ों और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। निश्चित ही मानव ऑर्गेनाइजेशन की यह सोच सराहनीय है जो यह संदेश देती है - यदि मनुष्य थोड़ी सी जगह प्रकृति के लिए छोड़ दे, तो शहरों में भी चहचहाहट कभी खत्म नहीं होगी। क्योंकि प्रकृति बचेगी, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा। मानव ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान कहते है कि यह गर्व का विषय है कि हमारे जनपद ललितपुर से निकली सोच आज वैश्विक पटल पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य रही है।

जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने की ली शपथ

स्वच्छता ही सेवा अभियान में मानसरोवर तालाब पर चलाया गया सफाई अभियान

ललितपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वावधान में मानसरोवर तालाब, तालबेहट में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह के नेतृत्व में परमार्थ समाज सेवी संस्थान एवं अविरल गंगे फाउंडेशन के सदस्यों और स्वयंसेवकों द्वारा तालाब परिसर में सफाई कार्य किया गया। इस दौरान तालाब के आसपास एकत्रित कूड़ा-कचरा एवं अपशिष्ट को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। जिला गंगा समिति द्वारा लोगों को जलस्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने, तालाबों में कूड़ा न डालने तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ कराई गई और स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में जनभागीदारी की महत्ता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में जी.एस परिहार, सिद्धगोपाल सिंह, विक्रांत तोमर, विशाल रावत, संतोष करन, प्रदुम साहू, शिवम दुबे, संदेश चतुर्वेदी सहित प्रकृति रक्षकों एवं जल सहेलियों की पूरी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे द्वारा आमजन से जलस्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

तीन अन्य गंभीर घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया

लखमा खेड़ी फंटे के पास ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रॉली को टक्कर मारी, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



दलोदा थाना क्षेत्र में लखमा खेड़ी फंटे के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 12:15 बजे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली सवार 6 साल की बच्ची और 45 साल की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कई मजदूर घायल हुए हैं। इनमें 18 साल की युवती के दोनों पैर नीचे से कट गए, जबकि तीन अन्य गंभीर घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है और ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायल मजदूरों के मुताबिक, वे रतलाम जिले के रावटी और आसपास के गांवों के रहने वाले हैं। सभी मंदसौर में रेलवे के काम में मजदूरी कर रहे थे। शनिवार रात करीब 11:30 बजे काम खत्म करने के बाद मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली से उज्जैन के लिए निकले थे। लखमा खेड़ी फंटे के पास पीछे से आए ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रॉली पलट गई और उसमें बैठे मजदूर सड़क पर जा गिरे। उनका सामान भी सड़क पर बिखर गया।

अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि सूचना रात करीब 12:30 बजे मिली थी। मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेलवे के मजदूर उज्जैन जा रहे थे। उनके अनुसार ट्रॉली में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में कल्पना पिता विनोद भील (18), निवासी रानीसिंह, गंभीर रूप से घायल हुई हैं। उनके दोनों पैर नीचे से कट गए। उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इसके अलावा 4 साल के बच्चे और 8 साल के बच्चे के पैरों में फ्रैक्चर हुआ है। दोनों को भी रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जिला अस्पताल में भर्ती चंचल पिता संजय भील (18) के पैर में फ्रैक्चर के साथ सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। नीरू पिता तेर सिंह भील (14) की कमर में फ्रैक्चर है। शंकर पिता गलिया भील (26), सविता पति राहुल भील (20) और सोनू पति अब्बू लाल भील (28) का भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य घायलों में राहुल (23), सुरपाल (15), लीला (26), आशा (5), गोपाल (18), मनीष (19), पूजा (10), करण (7) और पप्पूडी (30) शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतकों की पहचान रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम लासिया निवासी बसंती पति पेरू भील (45) और ग्राम मोटूका निवासी 6 वर्षीय बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे में शवों को गंभीर चोटें आई थीं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एसडीएम, तहसीलदार और दलोदा थाना प्रभारी समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे। अपर कलेक्टर र अस्पताल पहुंचीं और घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने गंभीर घायलों के इलाज को लेकर डॉक्टरों से चर्चा की। प्रशासन ने घायलों को जरूरी उपचार उपलब्ध कराने की बात कही है। दलोदा थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। दो लोगों की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

घायल राहुल ने बताया कि वे सभी मंदसौर में रेलवे के काम के लिए मजदूरी करने आए थे। शनिवार रात काम खत्म करने के बाद उज्जैन जा रहे थे। दलोदा के पास पीछे से आए ट्रक ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी पत्नी समेत कई लोग घायल हो गए। घायल चंचल और सोनू ने भी बताया कि वे रतलाम जिले के रावटी क्षेत्र के रहने वाले हैं। कुछ मजदूर करीब एक साल से मंदसौर में काम कर रहे थे, जबकि कुछ 4-5 महीने और कुछ करीब एक महीने पहले यहां आए थे। मजदूरों के अनुसार, अधिकांश लोग आपस में रिश्तेदार हैं।

अखाड़े के पहलवान दिखाएंगे हैरतअंगेज करतब

श्री सनातन धर्म मंडल की अगुवाई में मनाया जाएगा डोल ग्यारस का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर

22 समाजों के मंदिरों से निकाले जाएंगे भगवान जी बेवान

आगामी 22 सितंबर को नगर भानपुरा में परंपरागत रूप से श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा की अगुवाई एवं नगर परिषद भानपुरा के सहयोग से ढोल ग्यारस का पर्व पूरे उल्लास एवं उत्साह के साथ धार्मिक परंपराओं के तहत मनाया जाएगा। नगर के सकल हिंदू समाज के 22 मंदिरों से भगवान जी के बेवान/ ढोल, बैंड बाजे एवं ढोल की थाप के साथ व श्री राम द्वारा व्यायाम शाला व श्री श्री सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के दोनों अखाड़े के पहलवानों के हैरतअंगेज करतबों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से शनि मंदिर राज घांट रेवा नदी पर पहुंचेंगे। राजघांट स्थिति रेवा नदी में बेवान जी में विराजे भगवान के स्नान के पश्चात यहां शनि मंदिर परिसर में श्री सनातन धर्म मंडल की अगुवाई एवं नगर परिषद भानपुरा के सहयोग से सभी बेवान जी का पूजन व आरती के साथ दोनों अखाड़ों के पहलवानों द्वारा अखाड़ा भी खेला जाएगा।

दोनों अखाड़े के उस्ताजों व परंपरागत रूप से पदाधिकारियों के साफे बंधवाये जातें व सम्मान किया जाता है साथ ही झंडा गान के साथ सभी बेवान जी की सामूहिक आरती कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लगभग 90 वर्षों से श्री सनातन धर्म मंडल की अगुवाई में जल झूलनी ढोल ग्यारस बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है तथा वर्षों से नगर परिषद का भी इसमें सहयोग प्राप्त होता है, आयोजन में हजारों की संख्या में नगर के महिला पुरुष युवा बच्चे एवं विभिन्न समाजों तथा संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होते हैं। इस हेतु 17 सितंबर को नगर के स्वर्णकार समाज के मंदिर में सर्व समाज की बैठक जल झूलने डोल ग्यारस को मनाए जाने की तैयारियों को लेकर संपन्न हुई। बैठक श्री सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान की अगवाई एवं विभिन्न समाजों के अध्यक्ष/ सचिवों व पदाधिकारीयों की उपस्थिति में आयोजित की गई। आगामी जल झूलनी ग्यारस को लेकर बैठक पंजाबी समाज के श्री राम मंदिर पर आयोजित की जाएगी यह भी निर्णय लिया गया। जल झूलनी ग्यारस के पूर्व नगर परिषद द्वारा रेवा नदी के घाटों व मंदिर परिसर की साफ सफाई एवं पुताई की गई।

पर्युषण पर्व के समापन व सिद्धी तप की तपस्या पूर्ण होने के अनुमोदनार्थ भव्य वरघोड़ा जुलुस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के समापन एवं तपस्वी अविश नाहटा व नरेश जैन के 45 दिवस की सिद्धी तप की तपस्या के अनुमोदनार्थ रविवार को श्री आराधना भवन जैन श्रीसंघ के द्वारा लाभार्थी परिवार के सहयोग से प्रभु पार्श्वनाथजी की रथयात्रा व तपस्वियो का वरघोडा (जुलुस) निकाला गया। बैण्ड बाजे के साथ नईआबादी स्थित आराधना भवन मंदिर से प्रारंभ हुआ यह चल समारोह श्री श्रेयांसनाथ मंदिर, गोल चोराहा, नयापुरा रोड होते हुये माहेश्वरी भवन पहुँचा। 45 दिवस की सिद्धीतप की तपस्या पूर्ण करने वाले अविश नाहटा व नरेश जैन इस जुलुस में बग्गी पर विराजमान हुये तथा श्रीसंघ से जुड़े परिवारों ने इस चल समारोह में सहभागिता करते हुये दोनो तपस्वियो के डेढ़ माह की अदभूत तपस्या की अनुमोदना की। आचार्य श्री सागरचन्द्रसागरजी म.सा. आदि ठाणा 11 जैन संत मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 व साध्वी श्री शीलरेखा श्रीजी म.सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में निकले इस चल समारोह में आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े परिवारजन बड़े उत्साह के साथ शामिल हुये और उन्होने तपस्या की अनुमोदनार्थ व पर्युषण पर्व के समापन की प्रसन्नता में नृत्य भी किया। इस जुलुस में शामिल प्रभुजी के रथ की जगह जगह गहुली भी की गयी। आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े परिवारजन बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए और उन्होनें तपस्या की अनुमोदनार्थ व पर्युषण के समापन की प्रसननता में नृत्य भी किया। इस जुलूस में शामिल प्रभुजी केरथ की जगह-जगह गहुली भी की गई। आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े महिला की श्राविकाओ ने सिर पर कलश रखकर पूरे अनुशासन भाव से जुलुस में भागीदारी की। यह चल समारोह माहेश्वरी धर्मशाला पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ यहाँ दोनो तपस्वियो का श्रीसंघ, चातुर्मास समिति, एवं कई जैन संस्थाओ ने शाल श्रीफल भेटकर बहुमान किया।

तालोद पंचायत में कथित अनियमितताओं को लेकर उप सरपंच ने खोला मोर्चा

सीईओ जनपद आलोट को आवेदन देकर पंचायत के कार्यों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल



जनपद पंचायत आलोट की ग्राम पंचायत तालोद में कथित अनियमितताओं और पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर उप सरपंच अंजय सिंह पंवार ने जनपद पंचायत आलोट के सीईओ को लिखित शिकायत प्रस्तुत कर विभिन्न मामलों की जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में उप सरपंच पंवार ने सरपंच, पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के संबंध में आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत कार्यालय में अक्सर ताला लगा रहता है तथा सचिव एवं रोजगार सहायक के नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता है। शिकायत में ग्राम तालोद में स्वीकृत रिचार्ज प्वाइंट के कार्यों का भी उल्लेख किया गया है। उप सरपंच का आरोप है कि स्वीकृति के बावजूद संबंधित स्थानों पर अभी तक कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं लगभग 15 माह पूर्व बनाए गए सीसी रोड के क्षतिग्रस्त होने पर भी सवाल उठाते हुए इसकी गुणवत्ता एवं निर्माण में हुए व्यय की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने पूर्व में इसी सीसी रोड को लेकर ग्रामीण शिवम बामनिया द्वारा की गई शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि मामले में जांच दल ने मौके का निरीक्षण किया था। शिकायत में दावा किया गया है कि उस समय कार्य में अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, जबकि सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर निष्पक्षता को लेकर सवाल उठे थे। इसके अलावा ग्राम पंचायत तालोद के खेड़ा नयाखेड़ा में सांसद निधि से स्वीकृत करीब 8 लाख रुपये के टीन शेड के निर्माण की गुणवत्ता की भी जांच किए जाने की मांग की गई है। उप सरपंच ने पिछले चार वर्षों में ग्राम पंचायत तालोद में कराए गए समस्त विकास कार्यों एवं उनके भुगतान की जांच कराने तथा शिकायत में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की मांग जनपद सीईओ से की है।

इनका कहना है...

जो भी आरोप ग्राम पंचायत के उप सरपंच के द्वारा लगाए गए हैं अगर उनको ऐसा लग रहा है तो पंचायत की जांच करवा लें मेरे द्वारा किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की गई है मेरा स्वास्थ्य खराब रहता है मैं पंचायत बहुत कम जाता हूं।
सत्यनारायण व्यास सचिव पंचायत, तालोद

मां तुझे प्रणाम योजना में राजगढ़ के तीन युवाओं का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मप्र शासन की मां तुझे प्रणाम' योजना के तहत राजगढ़ जिले के तीन युवाओं आनंद शर्मा, राजमोहन नरवरिया एवं बंटी विश्वकर्मा का चयन हुआ है। चयनित युवा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं चांचाई फाल का भ्रमण करेंगे। योजना के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के साथ ही प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर मिलता है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अपनी समृद्ध जैव विविधता और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं चांचाई फाल मध्यप्रदेश के प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में शामिल है। ये तीनों चयनित युवा सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सक्रियता के चलते पहचान रखते हैं। विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों में उनकी भागीदारी रही है। इनके चयन पर जिला संगठक डॉ. शैलेन्द्र कुमार मेवाड़ा एवं प्राचार्य वी.बी. खरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलता है। चयनित युवाओं ने इस अवसर के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा उन्हें मध्यप्रदेश की प्राकृतिक संपदा को करीब से जानने और पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर प्रदान करेगी।

पर्यूषण पर्व के समापन के बाद जैन समाज ने नगर में निकाली चैत्य परिपाटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा आठ दिवसीय पर्यूषण पर्व के सानंद समापन के बाद रविवार को श्री चन्द्रप्रभु जिन मंदिरजी से गुदरावन मार्ग स्थित श्री पार्श्वकुशल जिन मंदिर दादावाड़ी तक चैत्य परिपाटी निकाली गई। इस अवसर पर सम्मेद शिखर तप की तपस्विनी वर्षा ललवानी का भव्य वरघोड़ा भी साथ में निकाला गया। नगर में चातुर्मास हेतु विराजित राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 की पावन निश्रा में चंदा प्रभु जी जैन श्वेतांबर मंदिर जी से रविवार प्रातः 8 बजे बैंड बाजे के साथ चैत्य परिपाटी निकाली गई।

चैत्य परिपाटी में साध्वी मंडल के साथ सकल श्री संघ साथ चल रहा था वही एक सुसज्जित बगी में लाभार्थी हिम्मतमल रमेशचंद फाफरिया परिवार से सुनीता फाफरिया तथा सम्मेद शिखर तप की तपस्विनी वर्षा ललवानी को बिठाया गया था। प्रमुख मार्ग से चैत्य परिपाटी गुदरावन मार्ग स्थित श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी तक पहुंची जहां पर सामूहिक देव वंदन के साथ स्नात्र पूजन कर प्रभु जी को छाप चढ़ाई गई। लाभार्थी फाफरिया परिवार द्वारा श्री संघ की नवकारसी का कार्यक्रम भी रखा गया। राजगुणा श्रीजी म.सा आदि ठाणा 4 की पावन प्रेरणा तथा निश्रा में नवकार महामंत्र की 9 दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन भी श्रीसंघ में होने जा रहा है।



नेत्र जांच शिविर में 65 मरीजों की हुई जांच, 6 का ऑपरेशन के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सर्व कल्याण नलखेड़ा श्री राजीव लोचन धार्मिक समिति नलखेड़ा एवं शंकर आई सेंटर इंदौर के सौजन्य से रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 65 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमे से 6 मरीजों की आंखों के मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हेतु चयन कर उन्हें बस द्वारा श्री शंकरा आई सेंटर ले जाया गया। जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन कर पुनः नलखेड़ा छोड़ा जाएगा।

नाबालिग से दुराचार के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



एक नाबालिग से दुराचार के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इसके साथ ही आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। न्यायालय ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। भारसाधक एडीपीओ डॉली गुप्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर को मलावार क्षेत्र की पीड़िता पानी भरने गई हुई थी। जब वो वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाश करने पर भी न मिलने पर पीड़िता की माता और भाई ने मलावर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई वहीं एक युवक महेंद्र पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताया। इस आधार पर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना की और पीड़िता के पास मिली जिसे दस्तयाब किया गया और उसके कथन करवाते हुए आरोपी महेंद्र पर पॉक्सो अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकरण में प्रथम अपर सत्र न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम ने आरोपी महेंद्र को 20 वर्ष का कठिन कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया ।

व्यवस्थाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



आगामी धार्मिक पर्वों को लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग को लेकर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे को ज्ञापन सौंपा गया। समिति अध्यक्ष धुरव भल्ला के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में गणेश उत्सव के अंतर्गत होने वाले डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं आगामी दशहरा पर्व के दौरान नगर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। समिति ने पर्वों के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम समय रहते करने की मांग रखी। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, ऐसे में नगर पालिका द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही हिन्दू उत्सव समिति ने अनंत चतुर्दशी पर्व को भव्य स्वरूप देने की अपील करते हुए नगर के विभिन्न शासकीय विभागों, कार्यालयों, सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों से अधिक से अधिक आकर्षक झांकियां निकालने का निवेदन किया। समिति ने नागरिकों से भी पर्व को उत्साह, धार्मिक भावना और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

विधायक ने सीसी निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा

भगवान देवनारायण की विशाल शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



भगवान देवनारायण जन्मोत्सव नगर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान देवनारायण की 34वीं विशाल शोभायात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व भगवान देवनारायण मंदिर में विशेष श्रृंगार कर आकर्षक झांकी शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी। इस अवसर पर भगवान देवनारायण मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरुआत हुई जिसमें भगवान देवनारायण , साडू माता का विशेष श्रृंगार कर आकर्षक झांकी शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी और घोड़ी पर सवार होकर पंडित विष्णु गुर्जर हाथ में भगवान श्री देव की ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे! वही शिवशक्ति गुर्जर अखाड़ा के कलाकारों ने एक से एक अनेकों हैरत अंग्रेज करतब दिखाकर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। शोभा यात्रा में इस बार खिलचीपुर से वीर शिवाजी व्यायाम शाला दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने तलवार बाजी लट बाजी जैसे करतब दिखाकर यह साबित कर दिया कि बालिका भी किसी से कम नहीं है , वर्तमान समय में वह भी अपनी सुरक्षा खुद कर सकती है! आसपास गांव से गुर्जर बंधुओं ने घोड़ियों का नृत्य दिखावा जो लोगों का ध्यान आकर्षित मनमोहक लग रहा था! साथ ही डीजे पर भगवान देवनारायण के भजनो पर देव भक्त जमकर नाचे गाते थिरकते हुए हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में रसमय हो कर चल रहे थे। शोभायात्रा भगवान देवनारायण मंदिर से शुरू हुई जो भ्रमण करती अटल चौक से सीधी भगवान देवनारायण मंदिर पहुंची। महाआरती के साथ समापन हुआ। समाज बंधु भंडावद रोड स्थित गुर्जर धर्मशाला पहुंचे जहां विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य यशवंतसिंह गुर्जर, फुल सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ जन, गुर्जर समाज के बंधु शामिल हुए।

चित्रकला, भाषण में विजेताओं को शील्ड प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कुरावर मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। भाषण प्रतियोगिता में 28 तथा चित्रकला प्रतियोगिता में 52 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष हृदेश चंद्रवंशी, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, मंत्री राकेश मीणा, कार्यक्रम सहप्रभारी सुनील वकील एवं बूथ अध्यक्ष रामनारायण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।